-मिशन शक्ति नारी सम्मान अभियान के तहत जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित हुआ एक दिवसीय वेबीनार।

-महिला सुरक्षा हेतु कानून: एक परिचर्चा विषय पर कार्यक्रम

इटावा,22 अक्तूबर। जिस स्थान पर नारियों की पूजा होती है,वहां पर देवता निवास करते हैं के मूल मंत्र का प्रतिपादन करने वाला भारतवर्ष आज नारी सुरक्षा के लिए लगातार जूझ रहा है और नारी अधिकारों से संबंधित ढेरों नियमों के बावजूद आज महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं ,वर्तमान परिस्थिति में महिला सशक्तिकरण समूचे समाज की जिम्मेदारी है, ना कि एक व्यक्ति की। महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और उत्कर्ष मानव समाज का उत्तरदायित्व है, उक्त उद्बोधन देते हुए विशेष न्यायिक अधिकारी परिवार परामर्श केंद्र इटावा एवं कर्म क्षेत्र महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज और परिवार की प्रगति महिला को संरक्षा और सुरक्षा उपलब्ध कराये बिना असंभव है । प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर छात्रा कल्याण हेतु महिला हिंसा एवं यौन उत्पीड़न निरोधक समिति गठित की गई है जिसमें छात्राओं की समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लिया जाता है। "महिला सुरक्षा हेतु कानून:- एक परिचर्चा" विषय पर कार्यक्रम संयोजिका डा0 ज्योति भदौरिया, सह संयोजिका डॉ इंदु बाला मिश्रा द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन वेबीनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शैलेंद्र शर्मा वरिष्ठ प्रोफेसर इतिहास कर्म क्षेत्र महाविद्यालय इटावा ने नारी सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनों की परिचर्चा एवं नियमों की व्याख्या कर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में जनता कॉलेज परिवार के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने आनलाइन सहभागिता करके अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ ज्योति भदौरिया एवं अतिथि आभार प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला द्वारा किया गया।

संलग्नक- कार्यक्रम के फोटो छायाचित्र

N. Shukla
22-10-2020

Scanned with OKEN Scanner

मिशन शक्ति

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

ऑनलाइन बेबिनार

महिला सुरक्षा हेतु कानून : एक परिचर्चा

दिनांक : 22 अक्टूबर 2020 समय : अपराहन 12:00 से 01:00

मुख्य वक्ता :

डा0 शैलेन्द्र शर्मा, एसो0 प्रोफेसर– इतिहास, के.के.पी.जी. इटावा

एस.पी.ओ., परिवार परामर्श केन्द्र, इटावा (उ.प्र.)

संयोजिका : डा0 ज्योति भदौरिया, सह–संयोजिका : डा0 इन्दुबाला मिश्रा

अध्यक्षा : डा0 नलिनी शुक्ला (प्राचार्या)

जनता कालेज बकेवर , इटावा

Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner